कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक, बाड़मेर (राज०)

क्रमांकः– बाड़/अशा/परिवाद/2018/ 7311 दिनांकः– 21/8/18

प्रेषित,

प्रभारी (एसीआर)

सीआईडी (सीबी)

राज. जयपुर

विषय :– दैनिक भास्कर में छपी खबर " पुलिस कस्टडी मे हिस्ट्रीशीटर की मौत, पुलिस बोली – आत्महत्या की " के संबध में तथ्यात्मक रिपोर्ट भेजने बाबत्।

प्रसंग :– आपके पत्रांक –व–12 (3) एसीआर/न्यूज कटिंग/2018/8957 दिनांक 21.8.18 की पालना मे।

महोदय,

उपरोक्त विषय एवम् प्रसंग से सन्दर्भ में निवेदन है कि पुलिस थाना धानेरा जिला बनास कांटा (गुजरात) से प्राप्त सूचना के अनुसार दिनांक 19.08.2018 को एक व्यक्ति डीसा सिटी (गुजरात) से मोटर साईकल (बाईक) चुराकर फरार हो गया , जिस पर आस – पास के जिलो (गुजरात राज्य) में नाकाबन्दी की, दौराने नाकाबन्दी पुलिस थाना धानेरा की पुलिस चैक पोस्ट नैनावा (गुजरात राज्य) में उक्त युवक को मोटर साईकल सहित दस्तयाब कर नैनावा पुलिस चौकी के लॉकअप में रखा। जिसकी सूचना धानेरा पुलिस ने डीसा पुलिस को दी, पुलिस के दस्तयाब शुदा व्यक्ति का नाम लूणाराम पुत्र उत्तमाराम जाति मेघवाल निवासी स्वामी की झाक पुलिस थाना गिड़ा जिला बाड़मेर ,राजस्थान मालूम हुआ। उक्त लूणाराम ने पुलिस चौकी नैनावा (धानेरा थाना गुजरात)के लॉक अप में फांसी का फदा लगाकर आत्महत्या कर ली, वगैरहा सूचना पर मृतक लूणाराम के वारिसान को गुजरात पुलिस के कहे अनुसार सूचित किया गया। उक्त लूणाराम पुलिस थाना गिडा का एच.एस. है तथा मोटर साईकल चोरी की वारदाते करने का अभ्यस्त है। उक्त युवक की पुलिस हिरासत में मौत के संबंध में पुलिस थाना धानेरा पर मर्ग धारा 176 सीआरपीसी में दर्ज होकर जांच गुजरात में हो रही है ,बाद में परिजनों की मांग पर अहमदाबाद (गुजरात) के सिविल अस्पताल में मृतक लूणाराम का पोस्टमार्टम करवाया गया तथा लाश वारिसान को सुपुर्द की गई।

इससे पहले मृतक के परिजनों व धानेरा (गुजरात) के स्थानीय लोगो ने गुजरात पुलिस पर मृतक को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था तथा गुजरात पुलिस पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। जिस पर बनास कांटा पुलिस व गुजरात के अन्य पुलिस अधिकारीयो ने उक्त लोगो को समझाईश कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया था।

गुजरात पुलिस से प्राप्त टेलीफोन जानकारी अनुसार मृतक के परिजनो ने आज 21.08.2018 को लाश को अन्तिम संस्कार हेतू गुजरात पुलिस से प्राप्त कर ली है।

अतः तथ्यात्मक रिपोर्ट श्रीमान की सेवामें सादर प्रेषित है।

भवदीय

(रामेश्वरलाल आरपीएस)

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

जिला बाड़मेर